तापमान
अधिकतम 27.0 डिग्री
न्यूनतम 15.0 डिग्री

हरिभूमि कांकेर भूमि

रायपुर, सोमवार, 23 दिसंबर 2024

14 निर्माणाधीन रावली नाला पुलिया का विधायक...



14 नशा मुक्ति जागरूकता के लिए नुक्कड़ नाटक...





## खबर संक्षेप



### सोनादाई मंदिर जीर्णोद्धार के लिए 5 लाख की घोषणा

**दुर्गूकोदल।** लोहत्तर प्रवास के दौरान विधायक सावित्री मनोज मंडावी सोनादाई मंदिर पहुंचकर माता का दर्शन किया और क्षेत्र की सुख, शांति समृद्धि की कामना किया। विधायक ने ताता मंदिर के जीणोद्वार के लिए 5 लाख रूपएं देने की घोषणा करते हुए कहा कि इस स्थल को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने प्रयास किया जाएगा। इस अवसर पर पुजारी बिदेसिंग देहारी, जिला पंचायत सदस्य अमिता उइके, मुकेश्वरी नरेटी सदस्य जनपद पंचायत, भीखम देहारी, आनंद तेता,राजू संघोरिया उपस्थित रहे।

### मां अंगरमोती सारवंडी में दो दिनी मेला 25 से

**दुधावा।** सरोना तहसील अंतर्गत ग्राम सारवंडी मां अंगरमोती के पावन धराधाम का दो दिवसीय वार्षिक मेला 25 दिसंबर दिन बुधवार को होगा। इस मेले में 12 पाली के देवी देवता सम्मिलित होते हैं। मेले में कांकेर जिले के व्यापारी के अलावा दूसरे जिले के व्यापारी आते हैं। मेले के इस अवसर पर लोक लहर प्रेरणा लोक कला मंच कुसुमपानी जिला कांकेर छत्तीसगढ़ी कार्यक्रम की प्रस्तुति होगी। उक्त जानकारी ग्राम विकास समिति सारवंडी के पदाधिकारियों ने दी।

### इलाज के दौरान हुई बुजुर्ग की मौत

**कांकेर।** पखांजुर के निजी अस्पताल में ईलाज के दौरान 59 वर्षीय दयाराम कुमेटी का ईलाज के दौरान 17 नवंबर को मौत हो गया। पीव्ही 39 इंद्रप्रस्थ निवासी 39 वर्षीय शब्बुर मलिक ने पुलिस को बताया कि मृतक का स्वास्थ्य खराब होने के कारण अस्पताल में भर्ती किया गया था। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### पदोन्नति पर किया सम्मान, दी विदाई



**दुर्गुकोंदल।** विकास खंड दुर्गुकोंदलअंतर्गत संकुल केन्द्र मेड़ो में पद्दोन्नत प्रधानपाठक संतोष रावटे, रामदयाल नरेटी, शेरसिंह कोड़ोपी व सुमित्रा बघेल को संकुल की ओर से सम्मानित कर विदाई दिया गया। संकुल में नवपदस्थ प्रधानपाठक अरूणा वट्टी, बिन्दा दुग्गा, सवित्री मंडल का स्वागत किया गया। इस अवसर सभी ने संकुल में अपने अनुभव को साझा करते हुए संकुल के शिक्षको के सहयोग व मार्गदर्शन के लिए धन्यवाद दिया। संकुल प्राचार्य हेमन्त श्रीवास्तव व संकुल समन्वयक किशोर कुमार विश्वकर्मा ने सभी पद्दोन्नत प्रधानपाठक के शाला में कार्य व सहयोगात्मक भावना की तारिफ किया। कार्यक्रम में रमेश दुग्गा व जगतराम दुग्गा ने पद्दोन्नत प्रधानपाठको के कार्यो की प्रशंसा करते हुए सभी की उज्वल की शुभकामनाएं दी।

### छात्र हेल्पलाइन नंबर के पोस्टर का विमोचन



**चारामा।** एनएसयूआई के चारामा ब्लॉक अध्यक्ष ने चारामा ब्लॉक के सभी विद्यार्थियों के कल्याणार्थ उनकी समस्याओं को सुनकर सीधा समाधान करने के उद्देश्य से अपने निज मोबाईल नंबर को चारामा ब्लॉक के सभी विद्यार्थियों के लिए सार्वजनिक किया है। अपने निज मोबाईल नंबर को छात्र नेता ने हेल्पलाइन नंबर के तौर पर पोस्टर के शेष पेज 12 पर

## दिवस : ब्रह्माकुमारीज द्वारा विश्व ध्यान दिवस मनाया गया

# ध्यान मानव जीवन के महत्वपूर्ण कड़ी सिद्धियों का द्वार निर्वाण व शांति का साधन

हरिभूमि न्यूज ▶▶। कांकेर



प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा विश्व ध्यान दिवस जिला जेल, सरस्वती स्कूल और पंडरीपानी में संस्था कार्यालय में मनाया गया। ध्यान को लेकर अतिथियों ने अनुभव को साझा किया।

संयुक्त राष्ट्र संघ महासभा द्वारा 21 दिसंबर को विश्व ध्यान दिवस घोषित किया गया, इसी के तहत 21 दिसंबर को दोपहर 12 बजे सरस्वती शिशु मंदिर में प्रभारी प्राचार्य संतोष पाठक, आचार्य संतोष पाठक के सानिध्य में उपस्थित विद्यार्थियों और शिक्षक गणों को ध्यान की महता को स्पष्ट करते हुए राजयोग ध्यान का अध्यास कराया गया। इसके उपरांत दोपहर ढाई बजे जिला जेल में महेश्वर साहू के सानिध्य में, विचाराधीन बंदी को ध्यान के विषय में जानकारी दी गई और ध्यान कराया गया, जिसे सभी ने बहुत ही ध्यान पूर्वक सुना। इसके उपरांत सायं साढ़े 7 बजे पंडरीपानी में संस्था प्रांगण में मुख्य अतिथि की आसंदी से भाजपा कार्यकारिणी के सदस्य भरत मटियारा विश्व ध्यान दिवस की बधाई देते हुए कहा ध्यान की महत्ता प्राचीन काल से रही है। हमारे ऋषि मुनियों ने भी ध्यान के माध्यम से अनेक सिद्धियों को प्राप्त किया और जब हम 5 मिनिट भी ध्यान में लीन हो जाते हैं, तो बहुत सारे आयाम हमें दिखाई देते हैं, की दिन भर में हमें क्या करना चाहिए? और किस चीज से हम बचे, समाज सेवा में हम किस दिशा में जाएं, समाज सेवा कैसे करें।

विशिष्ट अतिथि की आसंदी से भाजपा के जिला उपाध्यक्ष राजीव लोचन ने कहा कि विश्व ध्यान दिवस हम मना रहे हैं, यह हमारे लिए गर्व की बात है। यह हमारी पुरानी पद्धति रही है व परंपरा रही। उन्होंने संस्कृत श्लोक के माध्यम से भारत के थीम को, सभी सुखी होवे, सभी रोगमुक्त रहें, सभी का जीवन मंगलमय बने, हम सामने वालों को अपने से ज्ञानी, भद्र समझें, इस बात को ईश्वरीय विश्वविद्यालय ने ध्येय बनाकर, जन जन तक पहुंचाने का वीणा उठाया है, जब हम ध्यान करते हैं, तो हमारे , बुद्धि का तार भगवान से मिलता है और हमें विश्व शांति के लिए शक्ति मिलती है। शहर मंडल कोषाध्यक्ष अजय पप्पू मोटवानी ने कहा कि मै बहुत लंबे समय से ब्रह्माकुमारी संस्था के संपर्क में हूं और यहां से जुड़ने के बाद शिव बाबा की आशीर्वाद से समाज सेवा करने की प्रेरणा मिली और मैने संकल्प लिया है प्रतिदिन 5 से 10 जन सेवा करना है, और उसे साकार भी किया है।

विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ अधिवक्ता नरेंद्र दवे, सहयोग संस्था के सदस्य डॉक्टर श्याम देव, यातायात विभाग के सब इंस्पेक्टर रामेश्वर चतुर्वेदी ने भी अपने अनुभवों के द्वारा अपने सार गर्भित विचार रखें। कार्यक्रम का संचालन सत्य प्रकाश शर्मा ने किया। इस अवसर पर संस्था के सदस्यों के अलावा अन्य नागरिक बंधु भी उपस्थित रहे, अंत में संचारी आभार व्यक्त किया।

## प्रोजेक्ट उन्नति में दिया गया 31 हितग्राहियों को उघमी प्रशिक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶। कांकेर

प्रोजेक्ट उन्नति अन्तर्गत आरसेटी में कृषि उघमी प्रशिक्षण में जिला पंचायत कांकेर के मार्गदर्शन एवं जनपद पंचायत भानुप्रतापपुर के सतत निगरानी में भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान गोविन्दपुर द्वारा ग्राम कोरर में प्रोजेक्ट उन्नति के अन्तर्गत 31 हितग्राहियों को 13 दिवसीय कृषि उघमी प्रशिक्षण दिया गया। आयोजित उघमी प्रशिक्षण में मछलीपालन, मुर्गीपालन, डेयरी, सुकरपालन, बकरीपालन, सब्जी उत्पादन एवं विभिन्न विधियों से धान की खेती के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी एवं अन्य आवश्यक जानकारी प्रदान किया गया। यह प्रशिक्षण 10 से 22 दिसबंर तक प्रशिक्षक कुश कुमार सिन्हा के द्वारा दिया किया गया। असेसमेंट टीम नेसर बैंगलौर एवं राज्य नियत्रंक आरसेटी रायपुर अरूण सोनी के मार्गदर्शन में ईडीपी असेसर अजय भेड़पाल एवं डोमेन असेसर एकानंद धीमर के सतत निगरानी में मुल्यांकन कार्य सम्पन्न किया गया एवं सभी प्रशिक्षणार्थी को शुभकामनाए दिया गया। समापन कार्यक्रम के अवसर पर अग्रणी जिला प्रबंधक गौरीशंकर राना द्वारा सभी प्रशिक्षर्णीयों को प्रशिक्षण पूर्ण करने पर बधाई देते हुए सभी बैंको के ऋण योजनाओं के बारे में जानकारी दिया गया और साथ ही संस्थान के निदेशक डाकेश्वर विनय पाण्डे द्वारा सभी प्रतिभागियों को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया तथा व्यापार में सत्यनिष्ठा व ईमानदारी से कार्य करने की सलाह दिया। समापन कार्यक्रम में अग्रणी जिला प्रबंधक गौरीशंकर राणा, संकाय नितेश कुमार साहू एवं संजय कुमार महावीर, कार्यालय सहायक कमलेश कुमार सिन्हा, नागेन्द्र यादव एवं नागेश्वर कुमार पटेल, लव कुमार टांडिया उपस्थित रहे।



## शत प्रतिशत प्रवेश के लिए चलाया पोषक विद्यालय संपर्क अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶। भानुप्रतापपुर

उच्च शिक्षा विभाग में संचालित शासकीय महाविद्यालय में स्वीकृत सीट के विरुद्ध शत प्रतिशत नामांकन आगामी वर्षो में दर्ज कराने के लिए पोषक विद्यालय संपर्क अभियान कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। क्रम में शासकीय महर्षि वाल्मीकि स्नातकोत्तर महाविद्यालय भानुप्रतापपुर की टीम ने पोषक विद्यालय संपर्क अभियान के तहत द्वितीय दिवस पर स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भानुप्रतापपुर के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के प्रति जागरूकता पर जानकारी दिया।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रश्मि सिंह ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से आने वाले सत्र में प्रदेश के सभी कॉलेजों में प्रवेश प्रतिशतों में निश्चित ही वृद्धि होंगी। कार्यक्रम के शुरुआत में वरिष्ठ प्राध्यापक आरके दर्रो ने संपर्क अभियान के उद्देश्य एवं महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दिया। जूलॉजी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. नसीम अहमद मंसूरी ने इस पोषक विद्यालय संपर्क अभियान के दौरान विद्यार्थियों से कहा कि हायर सेकंडरी की परीक्षा उत्तीर्ण होने के बाद विद्यार्थी अपने पढ़ाई के साथ-साथ महाविद्यालय में होने वाली विभिन्न गतिविधियों जैसे राष्ट्रीय सेवा योजना, यूथ रेडक्रॉस, सांस्कृतिक कार्यक्रम, खेलकूद गतिविधियों में भाग लेकर अपनी प्रतिभा को निखारने का मौका मिलता है। ग्रन्थालय में भी महाविद्यालयीन स्तरीय पुस्तकों के साथ-साथ विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए भी पुस्तकें, पत्र- पत्रिकाएं उपलब्ध हैं। क्रीड़ा अधिकारी चेतन श्रीवास ने महाविद्यालय के खेल विभाग के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए खेल के क्षेत्र में किस तरह से कैरियर बना सकते है के बारे में जानकारी दिया।

महाविद्यालय के अंग्रेजी के सहायक प्राध्यापक अनिल साहू ने महाविद्यालय में संचालित कला एवं वाणिज्य संकाय के बारे में विस्तार से जानकारी दिया और साथ ही नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत शिक्षा पद्धति, सेमेस्टर प्रणाली, परीक्षा पद्धति के बारे में बताए। पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के श्रीदाम ढाली ने महाविद्यालय के प्रवेश प्रकिया, शासन द्वारा प्रदत्त छात्रवृत्ति सहित अन्य लाभकारी योजना से विद्यार्थियों को अवगत कराया। बीए पत्रकारिता एवं जनसंचार के बारे जानकारी देते हुए कहा कि यह कोर्स मल्टी नॉलेज कोर्स है। इस पाठ्यक्रम में आपको विभिन्न विषयों को पढ़ने का अवसर मिलता है। इस कोर्स में कैरियर क्या है के बारे में विस्तार से विद्यार्थियों को जानकारी दिए। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य परदेशी राम भारद्वाज, एमके टांडिया व्याख्याता, एलएस गौतम व्याख्याता, कमलेश विनायक, शुभांगी मुले सहित स्कूल के शिक्षकगण उपस्थित रहें।

## रासेयो स्वयंसेवकों ने शिविर में चलाया स्वच्छता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶। दुधावा



शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दुधावा विकासखंड के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का गट्टागुडुम में सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम पटेल लीलाराम नेताम के मुख्य आतिथ्यि एवं प्राचार्य जेके साहू की उपस्थिति में 22 दिसंबर को शुभारंभ हुआ। शिविर में स्वयंसेवकों ने प्रातः कालीन योगाभ्यास सत्र में विविध योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास किया। पश्चात श्रमदान के माध्यम से ग्राम की साफ सफाई विद्यालय परिसर का साफ सफाई ग्राम गट्टागुडुम की सामुदायिक शौचालय में स्वच्छता अभियान ग्राम के विभिन्न मोहल्लों में स्वच्छता अभियान चलाया गया। बौद्धिक परिचर्चाए में स्वयं सेवकों को जागरूक किया। रात्रि कालीन सांस्कृतिक गतिविधि के माध्यम से स्वयंसेवकों ने विभिन्न प्रहसन एवं नृत्य के माध्यम से ग्राम वासियों को जागरूक करने का प्रयास किया। उद्घाटन समारोह में जनपद सदस्य सुखचंद नेताम, वरिष्ठ स्वंय सेवक मेघनाथ शोरी, अजय कुमार नेताम, रामस्वरूप नेताम, अरुण कुमार नेताम, पिंकू मरकाम,संजय शोरी,गंभीर शोरी, पूजा, यामिनी मरकाम आदि उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय खाद्य एवं पोषण सुरक्षा पर हुआ सम्मेलन



**भानुप्रतापपुर।** राज्य सरकार का सुशासन का एक साल छत्तीसगढ़ खुशहाल के अवसर पर राष्ट्रीय खाद्य एवं पोषण सुरक्षा योजनान्तर्गत एक दिवसीय किसान सम्मेलन का आयोजन जनपद पंचायत भानुप्रतापपुर के सभागार में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा मण्डल अध्यक्ष नरोत्तम चौहान ने किया। मुख्य अतिथि प्रगतिशील कृषक हेम प्रकाश शिव हरे, विशिष्ट अतिथि जनपद सदस्य झाड़ू राम मंडावी, इंदिरा आरदे, मनिषा निशांत ठाकुर, ज्ञान सिंह गौर, जिला नोडल अधिकारी हरिश नेताम, डॉ. अनिल दिव्या, डॉ गंगाधर व अन्य लोग उपस्थित रहें।

## बस स्टैंड के सुलभ शौचालय से उठती दुर्गंध, सक्रमण का खतरा



**चारामा।** चारामा नगर के बस स्टैंड के पास स्थित सुलभ शौचालय की स्थिति अत्यंत खराब है। शौचालय में गंदगी और बदबू का आलम है, जिससे शौच के लिए पहुंचने वाले यात्री, व्यपारी और आम लोगों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। नगर प्रशासन की लापरवाही के चलते यह समस्या लगातार बनी हुई है। चारामा बस स्टैंड में यात्रियों व आम जनता की सुविधा के लिए सुलभ शौचालय बनाया गया है। देखरेख के अभाव में सुलभ शौचालय कंडम हो गया व गंदगी पसरा हुआ है। नगर प्रशासन की लापरवाही के कारण साफ सफाई नही हो पा रही है। स्थानीय नागरिकों ने बताया कि बार-बार शिकायत करने के बावजूद भी सुलभ शौचालय की साफ-सफाई के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए गया है। शौचालय की दुर्गंध और गंदगी के कारण इसका उपयोग करना मुश्किल हो गया है। लोगों का कहना है कि नगर प्रशासन इस समस्या को लेकर गंभीर नहीं है। सफाईकर्मियों की नियमित तैनाती और शौचालय की देखभाल की व्यवस्था नहीं होने से नगरवासियों में नाराजगी बढ़ रही है।

### शिकायत के बाद भी कार्रवाई नहीं

स्थानीय लोगों का आरोप है कि शिकायतों के बावजूद भी नगर प्रशासन ने अब तक सुलभ शौचालय के समस्या को हल करने के लिए कोई प्रयास नहीं किया है। बस स्टैंड जैसे सार्वजनिक स्थान पर ऐसी दुर्व्यवस्था से शहर की छवि धुमिल हो रहा है। चारामा के नागरिकों ने नगर प्रशासन से जल्द से जल्द सफाई व्यवस्था को सुधारने और शौचालय को उपयोगी बनाने की मांग की है।

## पांच साल से पदाधिकारी एक ही पद पर जमे हुए है

# नगरीय निकाय चुनाव से पहले कांग्रेस के नए अध्यक्षों की घोषणा की संभावना प्रबल

हरिभूमि न्यूज ▶▶। कांकेर

- फाइनल सूची तैयार, 50 फीसदी से ज्यादा जिला अध्यक्षों को बदला जा सकता है




कांग्रेस का कांकेर में जिला संगठन के पदाधिकारी को बने पांच साल हो गए। प्रदेश संगठन के चीफ को बदले डेढ़ साल हो गए, उसके बावजूद संगठन में कोई बदलाव आज तक नहीं हो पाया है। अब ऐसे कयास लगाए जा रहे है कि नगरीय निकाय चुनाव से पहले कांग्रेस अपने संगठन में बदलाव कर सकती है। कांग्रेस ने अपनी फाइनल सूची तैयार कर लिया है। सूची में 50 फीसदी से ज्यादा जिला अध्यक्षों को बदला जा सकता है।

सूत्रों के अनुसार संगठन ने बदलाव के लिए होमवर्क पूरा कर लिया है। संगठन में बदलाव को लेकर पूरे प्रदेश में प्रभारी सचिवों की बैठक हो चुकी है। छत्तीसगढ़ प्रदेश संगठन में बदलाव को लेकर शीर्ष नेतृत्व ने अपनी सहमति दे दी है। प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट ने पहले ही प्रदेश नेतृत्व को हाईकमान के फैसले की जानकारी दे दी थी। माना जा रहा है कि नई सूची में कांग्रेस के 50 फीसदी जिला अध्यक्षों को बदला जा सकता है। नगरीय निकाय चुनाव से पहले लिस्ट जारी कर कांग्रेस डैमेज कंट्रोल की भी कोशिश करेगी। कांग्रेस को विधानसभा और लोकसभा चुनाव में हार का सामना करना पड़ा था। हार के बाद समीक्षा की गई थी। समीक्षा में यह पाया गया कि संगठन के पैमाने में जो नेता बैठ नहीं रहा, उसे पद से हटाया जाए। हार की समीक्षा के दौरान कई जिलों में इसकी भी शिकायत आई थी कि चुनाव के समय जिला अध्यक्षों की भूमिका सीमित थी, जिस कारण से पार्टी को नुकसान हुआ। पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज को अध्यक्ष बने डेढ़ साल हो गए, परंतु संगठन में इन डेढ़ साल में कोई बदलाव जिलेस्तर पर नहीं हुआ।

### युवा चेहरों को मिल सकता है मौका

प्रदेश कांग्रेस संगठन अब पुराने चुनाव अनुभव से सबक लेते हुए ऐसे लोगों को जिम्मेदारी दे सकती है, जो लोग फील्ड में एक्टिव हैं और संगठन के पैमाने पर काम कर रहे हैं। जानकारों की मानें तो संगठन में जो सूची तैयार की है, उसमें युवा चेहरों को भी मौका दिया गया है। नगरीय निकाय चुनाव को देखते हुए कहा जा रहा है कि सूची महीने के अंत में जारी हो सकती है।

### डेढ़ साल से नई टीम की घोषणा नहीं

पूर्व सांसद दीपक बैज को चुनाव के पहले जुलाई 2023 में पीसीसी अध्यक्ष की जिम्मेदारी मिली थी और उनके कार्यकाल का अब डेढ़ साल का वक्त हो गया है, लेकिन टीम को घोषणा नहीं की गई है। ऐसा लग रहा है कि अब जल्द ही नई टीम की घोषणा की जा सकती है।

## मधुमक्खी पालन का युवकों को प्रशिक्षण दिया गया



**अंतागढ़।** उच्च मुख्यालय के निर्देशानुसार 18 से 21 दिसबंर तक 28वीं वाहिनी अंतागढ़ की सीओबी गोंडबिनापाल में कमांडेंट अरुण देवगम के सफल निर्देशन में 28वीं वाहिनी के सीओबी गोंडबिनापाल के कार्यक्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव के 12 युवक युवतियों को वैज्ञानिक मधुमक्खी पालन प्रशिक्षण दिया गया।

पाठक सूचना

कांकेर जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

7000955574, 9098324969

## खबर संक्षेप

### कृषक संगोष्ठी किया किसानों का सम्मान

**फरसगांव।** छत्तीसगढ़ शासन कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी की विभाग जिला कोंडागांव के द्वारा शनिवार को फरसगांव नगर के सामुदायिक भवन में क्षेत्र के किसानों के सम्मान कृषक बाबू मोंटी संगोष्ठी का आयोजन किया गया। सम्मेलन में क्षेत्र के किसानों को कृषि, उद्यानिकी, मत्स्य विभाग से संबंधी योजनाएं, शासन की महत्वाकांक्षी कार्यक्रम एवं अन्य गतिविधियों और महत्वपूर्ण उपलब्धियों की जानकारी दी गई, इसमें मुख्य रूप से कृषि उन्नति योजना, जिसके अंतर्गत 3100 रूपए समर्थन मूल्य पर प्रति एकड़ 21 क्विंटल के मान से धान की खरीदी, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड और मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना की जानकारी दी गई। उपस्थित किसानों को शाल और श्रीफल भेंटकर सम्मान किया गया। इस दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं कृषि विभाग, मत्स्य विभाग सहित अन्य विभाग के कर्मचारी उपस्थित थे ।

### प्राशा जोंदरापदर में मनाया गया विश्व ध्यान दिवस

**कोण्डागांव।** कोंडागांव जिला अंतर्गत संचालित प्राथमिक शाला जोन्दरा पदर में में संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा घोषित विश्व ध्यान दिवस 21 दिसंबर को आयोजित किया गया। प्रधान पाठक मधु तिवारी के मार्गदर्शन में बच्चों ने ध्यान की मुद्रा में बैठकर अभ्यास किया। साथ ही इसके लाभ व उपयोगिता के बारे में जाना 21 दिसम्बर को सूर्य भारतीय परंपरा अनुसार उत्तरायण में प्रवेश करता है। विश्व ध्यान दिवस 2024 की थीम आंतरिक शांति और वैश्विक सद्भाव पर आधारित है। ध्यान से शारीरिक ,मानसिक एवं भावनात्मक विकास होता है साथ ही शारीरिक विकारों, मानसिक अशांति, नशामुक्ति के लिए भी लाभदायक है। भागवत गीता, में भी ध्यान के बारे में बताया गया है यह भारत की विचारधारा वसुधैव कुटुम्बकम को को भी बल मिलता है। 21 जून को पूरी दुनिया विश्व योग दिवस मनाती है वही ठीक 6 महीने बाद 21 दिसम्बर को विश्व ध्यान दिवस मनाया जा रहा है। विश्व ध्यान दिवस में शिक्षिका स्मिता नेताम, स्वसहायता समूह की महिलाओं ने भी ध्यान योग कर बच्चों को प्रेरित किया।

### पीएम किसान सम्मान निधि योजना से समृद्धि की ओर अग्रसर कृषक जयमन पटेल

**कोण्डागांव।** केंद्र एवं राज्य सरकार किसानों के कल्याण के लिए पूरी संवेदनशीलता के साथ कार्य कर रही है और उनके हित में कई योजनाएं संचालित की जा रही है, जिससे वे निरन्तर समृद्धि और और विकास की ओर अग्रसर हो सके। केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना ऐसी महत्वाकांक्षी योजना है। जिसने राज्य के छोटे किसानों के जीवन में क्रांतिकारी परिवर्तन लाया है। कोण्डागांव जिले के मड़ानार गांव के निवासी जयमन पटेल इस योजना से लाभान्वित होने वाले किसानों में से एक हैं जो आज कृषि के क्षेत्र में समृद्धि की ओर अग्रसर हो रहे हैं। किसान जयमन पटेल के पास कुल 1.410 हेक्टेयर भूमि है जिसमें से 0.810 हेक्टेयर भूमि पर वे रबी फसल उगाते हैं। जयमन के तीन बच्चे हं, जिनमें से सबसे बड़ी बेटी नर्सिंग की कोर्स कर रही है और उससे छोटी बेटी 12वीं कक्षा में पढ़ती है और सबसे छोटा बेटा पहली कक्षा में पढाई कर रहा है। जयमन का परिवार मुख्य रूप से कृषि पर निर्भर है और किसी परिचित के साथ मिलकर जयमन ने खेती के लिए ट्रैक्टर भी ख़रीदा है। जयमन बताते हैं कि बेटी की पढाई और घर के खचोंर् के कारण कई बार पैसों की कमी होती है।



## पेज 11 के शेष...

### छात्र हेल्पलाइन...

माध्यम से जारी किया है। एनएसयूआई के चारामा ब्लॉक अध्यक्ष लिकेश धृतलहरे ने बताया कि हमारे इस पहल से चारामा ब्लॉक के विद्यार्थी मेरे मोबाईल नंबर पर कॉल करके सीधे मुझसे अपनी समस्या को साझा कर पाएंगे और मैं भी उनकी समस्याओं के समाधान करने का पूरा प्रयास करुंगा।

# अंतर विश्वविद्यालयीन तीरंदाजी के लिए जिले की 7 छात्राओं का चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



शासकीय गुंडाधुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कोंडागांव के 7 छात्र–छात्रओं ने राष्ट्रीय स्तर पर गौरव हासिल करते हुए अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालयीन तीरंदाजी प्रतियोगिता के लिए चयनित होकर महाविद्यालय का नाम रोशन किया है। यह प्रतियोगिता 25 से 27 दिसंबर तक कलिंगा विश्वविद्यालय, भुवनेश्वर, ओडिशा में आयोजित होगी।

**चयनित छात्रें में शामिल हैं ये** – सावित्री मंडावी एमए प्रथम वर्ष, रमिता सोरी बीए तृतीय वर्ष, सुशीला नेताम बीए तृतीय वर्ष, बेनिका बघेल बीएससी द्वितीय वर्ष, चंचला पोयाम बीएससी प्रथम वर्ष, रंजू सोरी बीए प्रथम वर्ष, आर्यन साहू बीएससी द्वितीय वर्ष यह सभी छात्र–छात्रएं शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय, जगदलपुर की तीरंदाजी टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे।

**पटेल ने इस उपलब्धि पर सभी छात्रें को शुभकामनाएं दी** – महाविद्यालय के क्रीडा अधिकारी एच. आर. यदु ने जानकारी देते हुए बताया कि यह सफलता खेलो इंडिया कैंप में किए गए निरंतर अभ्यास का परिणाम है। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों का लक्ष्य प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर महाविद्यालय और क्षेत्र का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन करना है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सी. आर. पटेल ने इस उपलब्धि पर सभी छात्रें को शुभकामनाएं दीं। साथ ही प्राध्यापकों, कर्मचारियों और छात्रें ने भी चयनित खिलाड़ियों को बधाई प्रेषित की। छात्रें के चयन से महाविद्यालय में हर्ष का माहौल है, और यह उपलब्धि क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बनी है।

## राष्ट्रीय तीरंदाजी में सुशीला नेताम ने फिर जीती चांदी

**कोण्डागांव।** जमशेदपुर राष्ट्रीय तीरंदाजी में जीता रजत पदक, राष्ट्रीय खेल 2024 के लिए क्वालीफाई कोंडागांव जिले की होनहार तीरंदाज कु. सुशीला नेताम ने राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में एक बार फिर जिले के साथ–साथ छत्तीसगढ़ राज्य का नाम भी रोशन किया है। दिनांक 15 से 20 दिसंबर 2024 के बीच जमशेदपुर झारखंड में आयोजित इस प्रतियोगिता में उन्होंने इंडियन राउंड के टीम इवेंट में रजत पदक हासिल किया। उनकी इस उपलब्धि ने पूरे जिले को गौरवान्वित किया है। सुशीला ने अपनी इस सफलता के साथ ही अगले माह उत्तराखंड में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय खेल 2024 के लिए भी क्वालीफाई कर लिया है। यह उनके कड़ी मेहनत और समर्पण का परिणाम है।

**खेलो इंडिया का योगदान** – सुशीला नेताम खेलो इंडिया लघु केंद्र की नियमित प्रशिक्षणार्थी हैं। उनकी इस सफलता में प्रशिक्षक नकुल सिंह और आईटीबीपी के कोच त्रिलोचन मोहंता का विशेष योगदान रहा है। खेलो इंडिया केंद्र के माध्यम से उन्हें उच्चस्तरीय प्रशिक्षण और संसाधन उपलब्ध कराए जा रहे हैं। खेलो इंडिया केंद्र सरकार की एक प्रमुख पहल है, जिसका उद्देश्य देश में खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना और उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तैयार करना है। इन केंद्रों के माध्यम से खिलाड़ियों को आवश्यक प्रशिक्षण, उपकरण और अवसर प्रदान किए जाते हैं।

## सुशासन का एक साल किसान सम्मेलन में किसानों का हुआ सम्मान

# पीएम किसान सम्मान निधि, किसान क्रेडिट कार्ड एवं मृदा स्वास्थ्य कार्ड की जानकारी दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव




राज्य सरकार के सुशासन के एक साल पूरे होने के अवसर जिले में विभिन्न कार्यक्रमों और गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में आज स्थानीय ऑडिटोरियम में सुशासन का एक साल–छत्तीसगढ़ हुआ खुशहाल विषय पर किसान सम्मेलन एवं संगोष्ठी का आयोजन किया गया। सम्मेलन में कृषि, उद्यानिकी, मत्स्य विभाग से संबंधी योजनाएं, शासन की महत्वाकांक्षी कार्यक्रम एवं अन्य गतिविधियों का विगत एक वर्ष में महत्वपूर्ण की उपलब्धियों की जानकारी आम नागरिकों को दी गई। इसमें मुख्य रूप से कृषि उन्नति योजना जिसके अंतर्गत 3100 रूपए समर्थन मूल्य पर प्रति एकड़ 21 क्विंटल के मान से धान की खरीदी, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड और मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना की जानकारी दी गई। कृषक संगोष्ठी में उपस्थित 700 से अधिक किसानों को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पाती का वितरण किया गया और किसानों का शाल और श्रीफल भेंटकर सम्मान भी हुआ।

> ■ कृषि उन्नति योजना के हितग्राहियों को दी गई विष्णु की पाती



अब तक 50 प्रतिशत से अधिक किसान धान बेच चुके हैं – मुख्य अतिथि नगर पालिका उपाध्यक्ष जसकेतू उसेण्डी ने छत्तीसगढ़ के जनमन के लिए दिए गए विष्णु की पाती का वाचन किया और कहा कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के नेतृत्व में किसानों का निरंतर कल्याण हो रहा है। उन्होंने सभी किसानों से शासन की कृषि संबंधी योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की। कलेक्टर कुणाल दुदावत ने शासन के एक साल पूर्ण होने और खरीफ की अच्छी फसल होने पर किसानों को बधाई देते हुए जिले में धान खरीदी का कार्य सुचारू रूप से जारी है और अब तक 50 प्रतिशत से अधिक किसान धान बेच चुके हैं। शासन की मंशा है कि किसान खुशहाल रहे, इसके लिए जिला प्रशासन कटिबद्ध होकर कार्य कर रही है। उन्होंने किसानों के हित में संचालित योजनाओं की जानकारी देते हुए लाभ उठाने की अपील की।

विष्णु की पाती पाकर खिले किसानों के चेहरे – किसान सम्मेलन एवं संगोष्ठी में शामिल होने वाले किसानों को राज्य सरकार के एक साल पूर्ण होने के अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय द्वारा भेजी गई विष्णु की पाती का वितरण किया गया। कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे किसानों ने मुख्यमंत्री का संदेश मिलने पर खुशी जताते हुए कहा कि राज्य शासन द्वारा 3100 रूपए प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य पर धान खरीदी से किसानों को बहुत राहत मिल रही है।

किसानों के लिए क्विज प्रतियोगिता का हुआ आयोजन – कार्यक्रम में किसानों के लिए कृषि से संबंधित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का भी आयोजन हुआ जिसमें किसानों ने उत्साह के साथ भाग लिया। इस मौके पर कृषि संबंधी विभिन्न प्रश्नों का सही जवाब देने वाले किसानों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, एडीएम चित्रकांत चार्ली ठाकुर, कृषि, उद्यानिक, पशुपालन, मत्स्य पालन और सहकारिता विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

# प्राशा डोंगरीपारा का किचन गार्डन है मिसाल व चुनौती



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कोंडागांव जिले के करंजी संकुल के शासकीय प्राथमिक शाला डोंगरीपारा के नन्हे छात्र–छात्राओं ने शिक्षक टी. ऐंकट राव के मार्गदर्शन में स्कूल परिसर में एक विशाल किचन गार्डन तैयार किया है। इस अभिनव पहल का उद्देश्य स्कूल में अध्ययनरत बच्चों को मध्यान्ह भोजन में पौष्टिक और स्वास्थवर्धक सब्जियां उपलब्ध कराना है।

**किचन गार्डन में उगाई जा रही मौसमी सब्जियां** – स्कूल परिसर में खाली पड़ी जमीन का उपयोग करते हुए मूली, बैंगन, हरी मिर्च, पालक, मेथी, लाल भाजी, धनिया और करेला जैसी मौसमी सब्जियां उगाई जा रही हैं। शिक्षक टी. ऐंकट राव ने इस किचन गार्डन की परिकल्पना की, ताकि बच्चों को पढ़ाई के साथ–साथ खेती का व्यावहारिक ज्ञान भी मिल सके।

**पोषण और शिक्षा का अनूठा संगम** – कक्षा पहली से पांचवीं तक के बच्चों को सब्जियों की पहचान और उनके स्वास्थ्य लाभ के बारे में बताया जा रहा है। किचन गार्डन से मिलने वाली सब्जियां मध्यान्ह भोजन में शामिल की जाती हैं। जिससे बच्चे पौष्टिक भोजन का आनंद लेते हुए इन सब्जियों के महत्व को समझ पाते हैं।



### सब्जियां बच्चों में वितरित

जब किसी सब्जी का अधिक उत्पादन होता है, तो उन्हें बाजार में बेचने के बजाय स्कूल के बच्चों के बीच वितरित किया जाता है। इससे बच्चों के परिवार वाले भी इन सब्जियों का सेवन कर साग–सब्जियों की खेती के प्रति जागरूक हो रहे हैं।

गांववासियों का मिला सहयोग – इस पहल को सफल बनाने में गांव के किसान मानकू कोर्राम, मदन कौशिक, विक्रम, सफाई कर्मी डूमर, विक्की दीवान और सारिका वैष्णव का भी महत्वपूर्ण योगदान है। यह किचन गार्डन न केवल बच्चों को पौष्टिक भोजन उपलब्ध करा रहा है, बल्कि उन्हें खेती की उपयोगिता और पर्यावरण के प्रति जागरूक बना रहा है।

# सरकार की वर्षगांठ पर अमृत सरोवर के तट में पौधारोपण






**कोण्डागांव।** राज्य सरकार के सुशासन के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जिले भर में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही है। इसी क्रम में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत जिले के सभी अमृत सरोवर में वृक्षारोपण किया गया। इस मौके पर कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत के निर्देशानुसार और जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई के मार्गदर्शन में जिले में महात्मा गाँधी नरेगा योजना अंतर्गत बनाए गए अमृत सरोवरों पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण एवं विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया।जिला कोंडागांव अंतर्गत कुल 83 अमृत सरोवर निर्मित हैं। अमृत सरोवर के सम्बन्धित ग्राम पंचायत में मनरेगा की टीम के माध्यम से दीवाल लेखन किया गया। साथ ही रैली निकाली गई और सरोवर की साफ–सफाई भी की गई। इसके अलावा सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक, मेट, महिला समूहों और ग्रामीणजनों के सहयोग से 921 पौधे रोपित किये गए।

## लड़कियों में नेतृत्व क्षमता को बढ़ावा नोनी जोहार योजना

**कोण्डागांव।** जिले के युवोदय कोंडानार चौंप्स से जुड़े 4 उत्साही स्वयंसेवक संजना, सुमित्र, कुंती और खगेश्वर ने रायपुर स्थित सायाजी होटल में लड़कियों में नेतृत्व क्षमता को बढ़ावा देने के उद्धेश्य से यूनिसेफ द्वारा आयोजित नोनी जोहार 3.0 कार्यक्रम में अपनी भागीदारी दर्ज की और अपने अनुभव और कार्यक्षेत्र में किए गए प्रयासों को साझा किए। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्धेश्य महिलाओं और लड़कियों के स्वास्थ्य, मानसिक सशक्तिकरण और बाल विकास से जुड़े मुद्दों पर जागरूकता बढ़ाना और उनके लिए नए दृष्टिकोण प्रस्तुत करना था। स्वयंसेवकों ने कोंडागांव जिले में चल रही विभिन्न पहलों जैसे मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता, महिला सशक्तिकरण और बाल अधिकारों के संरक्षण से जुड़े अपने अनुभव साझा किए। नोनी जोहार कार्यक्रम ने इन युवा स्वयंसेवकों को एक ऐसा मंच प्रदान किया जहां वे अपने जिले में हो रहे सामाजिक और विकासात्मक कायोंर् को राज्य स्तर पर प्रस्तुत कर सके। कोंडागांव के युवाओं के लिए यह भागीदारी प्रेरणादायक रहा।




# लैंगिक अपराधों के संरक्षण विषय पर आज कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव




जिला कार्यालय के सभागार में जिला कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देशन में तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला कोण्डागांव अवनी कुमार बिसवाल के मार्गदर्शन में लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 पर जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

जिसमें मुख्य अतिथि कोण्डागांव डीएसपी रूपेश कुमार एवं विशेष अतिथि ललिता लकड़ा, उप संचालक समाज कल्याण की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में नरेन्द्र सोनी, जिला बाल संरक्षण अधिकारी, जयदीप नाथ, संरक्षण अधिकारी गैर संस्थागत देखरेख एवं सौरभ तिवारी, विधिक सह परिविक्षा अधिकारी द्वारा पाक्सो अधिनियम, किशोर न्याय अधिनियम एवं महिला एवं बालकों से संबंधित कानून के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। महिला एवं बाल विकास विभाग भारत सरकार से प्राप्त दिशा निर्देशानुसार कार्यक्रम में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में विभिन्न विभाग, पुलिस, समाज कल्याण, बाल कल्याण समिति, बाल देखरेख संस्थाओं, खाद्य एवं औषधि विभाग, चाईल्ड हेल्प लाईन 1098 एवं मिशन शक्ति के प्रतिभागी उपस्थित हुए।

## खेल में कामयाबी के लिए नियमित अभ्यास जरूरी

# राष्ट्रीय व राज्य स्तरीय खिलाड़ियों का टेनिस संघ ने किया सम्मान

**कोण्डागांव।** जिला टेबल टेनिस संघ कोंडागांव के तत्वावधान में राष्ट्रीय और राज्य स्तर पर उत—ष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित करने के लिए एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम एनसीसी मैदान स्थित टेबल टेनिस हॉल में संध्या 7:30 बजे आयोजित हुआ। कार्यक्रम का संचालन संघ के अध्यक्ष गीतेश गांधी और सचिव आर.के. जैन के मार्गदर्शन में हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि समाजसेवी मोहन कोटडिया ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। विशेष अतिथि के रूप में माधो सोनी, आदिवासी युवा प्रभाग के अध्यक्ष यतीन्द्र सलाम, पूर्व अध्यक्ष जेसीआई डॉ. शिल्पा देवांगन, सर्वसमाज अध्यक्ष धंसराज टंडन, चुरेन्द, श्रीमती ज्योति जैन, श्रीमती शुक्ला और राकेश शुक्ला उपस्थित रहे। अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ भेंट कर अश्विनी कुमार थावरे, डॉ. —ष्ण कुमार मरकाम, परवीन नाग, शेखर दास, रोहित दास, नवीन, दीक्षा सोनी और ऋधिमा खंडालकर द्वारा किया गया।




**राष्ट्रीय और राज्य स्तर के खिलाड़ियों का हुआ सम्मान** – सम्मान समारोह में डीएवी स्कूल से राष्ट्रीय स्तर पर टेबल टेनिस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों नमन साहू पुत्र विजेंद्र साहू और सिद्धांत शुक्ला पुत्र राकेश शुक्ला को मुख्य अतिथि मोहन कोटडिया के हाथों ट्रॉफी प्रदान की गई। इसी टीम के खिलाड़ियों राजवीर सिंह और शिवम साहा को भी सम्मानित किया गया।

**अर्नब व भव्य का हुआ सम्मान** – महाविद्यालय स्तर पर राष्ट्रीय प्रतियोगिता गुवाहाटी में उत—ष्ट प्रदर्शन करने वाले परवीन नाग और शेखर दास को भी ट्रॉफी देकर प्रोत्साहित किया गया। राज्य स्तर पर शानदार प्रदर्शन करने वाले अर्नव सिंह थावरे, भव्य ओस्तवाल, अनय कुमार, जिया बंजारे, दिव्यांशी और निधि सिंह को भी अतिथियों द्वारा ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया।

**अतिथियों ने बढ़ाया खिलाड़ियों का उत्साह** – मुख्य अतिथि मोहन कोटडिया ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल में निरंतर अभ्यास ही सफलता का मार्ग है। उन्होंने टेबल टेनिस हॉल के निर्माण की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि यदि प्रशासन का ध्यान इस ओर नहीं जाता, तो इसे जनसहयोग से पूरा किया जा सकता है।

### कार्यक्रम के सफल आयोजन में विशेष योगदान

कार्यक्रम को सफल बनाने में रत्न दीप ओस्तवाल, संतोष कोडोपी ,दीपक पारख और रीतेश संचेती का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में खिलाड़ी, अभिभावक और खेल प्रेमी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों, खिलाड़ियों और अभिभावकों का आभार संघ के उपाध्यक्ष अश्विनी कुमार थावरे ने व्यक्त किया।

**खिलाड़ियों को मिलेंगे बेहतर संसाधन** – इस भव्य आयोजन के साथ कोंडागांव जिला टेबल टेनिस संघ ने खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए खेल के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जाहिर की। उम्मीद की जा रही है कि संघ के प्रयासों से खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं और अवसर मिलेंगे जिससे वे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जिले का नाम रोशन कर सकें।

# क्रिसमस का पर्व शांतिपूर्वक मनाएं, प्रशासन की अपील



**फरसगांव।** क्रिसमस पर्व के मद्देनजर कोंडागांव पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार के निर्देश पर कोंडागांव जिले के बड़ेडोंगर थाना परिसर में रविवार को शांति समिति की बैठक की गई। बैठक में विभिन्न समाज के प्रमुख सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। बड़ेडोगर थाना प्रभारी विनोद कुमार नेताम में उपस्थित लोगों से कहा कि क्षेत्र में कहीं भी मसीही संस्थाओं द्वारा आयोजन किये जाने वाले कार्यक्रमों की पूर्ण जानकारी उपलब्ध करावे। जिससे हरसंभव सहयोग प्रशासन द्वारा किया जा सके । साथ ही उपस्थित लोगों से अपील किया कि क्रिसमस पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से मनाएं।

## खबर संक्षेप

### उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए दिव्यांग खिलाड़ियों का सम्मान



**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने पर दिव्यांगजनों का प्रतिभा एवं वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान के तहत पैरा एथलेक्टिस खेल प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए जिला प्रशासन की ओर से समर्थ दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र बीजापुर के दिव्यांग बच्चों को एसडीएम बीजापुर जागेश्वर कौशल द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं ठंड के दिनों के लिए गर्म ऊनी कपड़े, टोपी, मोजा प्रदाय किया गया। इस दौरान दिव्यांग बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम में मनमोहक पंथी नृत्य का प्रदर्शन भी किया गया।

### आड़ावाल में आज प्लेसमेंट कैम्प

**जगदलपुर।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र आड़ावाल जगदलपुर में सोमवार को प्रातः 11 बजे से शाम 4 बजे तक प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया गया है। इस प्लेसमेंट कैम्प में निजी प्रतिष्ठान रायपुर हेतु नेटवर्क इंजीनियर के कुल 50 पदों हेतु योग्य अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा। उक्त पद हेतु आवश्यक शैक्षणिक योग्यता बीसीए, एमसीए, बीएससी आईटी और एमएससी आईटी होना चाहिए। चयनित उम्मीदवारों को बस्तर संभाग के अंतर्गत नियुक्त किया जाएगा।

### 12 लाख की आर्थिक सहायता स्वीकृत

**बीजापुर।** कलेक्टर संबित मिश्रा द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6(4) के तहत प्राकृतिक आपदा से मृतक के परिजनों को 12 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है। जिसके अन्तर्गत आंधी तूफान से दीवार गिरने से मृत्यु के 1 प्रकरण में मृतिका सुशीला ककेम के निकटतम वारिस उनके पुत्र मोहन ककेम निवासी ग्राम चेरकडोडी 4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृति दी गई है। इसी तरह खेत मेड़ के पानी में डूबने एवं गाज गिरने से मृत्यु के 2 प्रकरणों में से मृतक हीरालाल माडवी के निकटतम वारिस उनकी माता श्रीमती लखे माडवी निवासी ग्राम पिनकोंडा भैरमगढ एवं मृतिका जोगी उजी के निकटतम वारिस उनके पुत्र बाली उजी निवासी ग्राम गदामली सहित कुल 3 पीड़ितों के परिजनों को 12 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। राशि का भुगतान संबंधित हितग्राहियों के बैंक खाते में डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के माध्यम से किए जाने के निर्देश संबंधित तहसीलदार को दिए गए हैं।

ड्रिल, सांस्कृतिक कार्यक्रमों और अनुशासन से बच्चों ने किया प्रभावित

# खुद की काबिलियत को पहचानना ही सफलता की पहली सीढ़ीः मीणा







हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

खुद की काबिलियत को पहचान लेना ही सफलता की पहली सीढ़ी है। यह बात जवाहर नवोदय विद्यालय संगठन के भोपाल स्थित रीजनल कार्यालय से पहुंचे सहायक आयुक्त लेखराज मीणा ने बच्चों को प्रेरित करते कही। जवाहर नवोदय विद्यालय बारसूर के निरीक्षण के लिए पहुंची पैनल इंस्पेक्शन टीम के लीडर के तौर पर वे बच्चों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि टीम ने हर हिस्से को देखा है।

■ नवोदय विद्यालय बारसूर के बच्चों ने दी शानदार प्रस्तुति

पीटी, मॉर्निंग असेंबली, कल्चरल प्रोग्राम निश्चित रूप से प्रभावकारी रहे। पैनल इंस्पेक्शन के दौरान मैंने किसी और नवोदय विद्यालय में इतना व्यवस्थित सेटअप, विद्यार्थियों में अनुशासन और सीखने की उत्सुकता नहीं देखी है। नवोदय विद्यालय समिति 35 साल पुरानी है। इस संस्था की तरक्की को सिर्फ महसूस कर सकते हैं। बस्तर जैसे दूरस्थ अंचल का यह संस्थान अपने मेधावी विद्यार्थियों की वजह से देश-विदेश में चमक रहा है। नवोदय विद्यालय में प्रवेश लेने वाले बच्चे देश भर के 661 संस्थानों से जुड़ते हैं। यहां परिवार की तरह रहते हैं। बच्चे शिक्षकों को मां-बाप की तरह देखते हैं। वे एक बड़े परिवार के छोटे सदस्य हैं। संस्था की तरक्की में शिक्षकों, कर्मचारियों, अभिभावकों का सहयोग महत्वपूर्ण होता है। आपका एक-एक पल कीमती है, देश, समाज, परिवार और अपने लिए।

नवोदय में पढ़ने वाला साधारण बच्चा नहीं होता है। जिस तरह हनुमान को जामवंत ने शक्ति की याद दिलाई थी, उसी तरह इस बात का एहसास करना होगा कि आप क्या कर सकते हो। पैनल इंस्पेक्शन टीम के सदस्य व नवोदय विद्यालय धमतरी के प्राचार्य एमके विद्यार्थी ने कहा कि वे पूर्व में इस विद्यालय के प्राचार्य रह चुके हैं। 2016-17 के बाद यहां आना भावनात्मक पल रहा। तब से लेकर अब तक विद्यालय में सुविधाएं काफी बेहतर हुई हैं। टीम ने सुबह एक्सरसाइज देखा, सुझाव दिया। अभी भरपाई हो गई। खेल स्टेमिना, रिदम, अनुशासन का बेहतर प्रदर्शन बच्चों ने किया। संस्थान संचालन में पालक, बालक, चालक वाले ट्राइंगल में प्रिंसिपल धर्मेंद्र यादव फिट बैठते हैं।

संस्थान इंफ्रास्ट्रक्चर, प्रतिभा और अभ्यास में अन्य संस्थानों से बेहतर है। विवेक शुक्ला, प्राचार्य जनवि कांकेर ने बच्चों के प्रदर्शन को सराहते कहा कि अनुशासन के साथ प्रदर्शन आसान नहीं है। नवोदय जीवन तपस्वी के समान है। कठिनाइयां कल को आपके लिए पुरस्कार बनेगी। पढ़ाई के साथ-साथ स्पोर्ट्स, सांस्कृतिक विधाओं में प्रदर्शन सराहनीय है। नवोदय साधारण संस्थान नहीं। जेई, नीट, मेंस में नवोदय की सफलता दर ऊंची है। इस मौके पर कुलदीप सिंह, प्राचार्य ईएमआरएस कटेकल्याण ने भी संबोधित कर बच्चों को प्रेरित किया। अंत में संस्थान के प्राचार्य धर्मेंद्र कुमार यादव ने इस सफलता का श्रेय अपनी पूरी टीम को देते हुए आभार प्रदर्शन किया।

### सम्मानित हुए मेधावी

इस अवसर पर सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं, उनके शिक्षकों व नेशनल गेम्स में फुटबॉल में प्रतिनिधित्व करने वाले छात्रों को सम्मानित किया गया। विद्यालय से पास आउट एलुमनी मनोज गुप्ता व साथियों ने भी टीम का अभिनन्दन किया।

### बच्चों ने किया शानदार प्रदर्शन

बच्चों ने द्वितीय सत्र में फुटबॉल, कबड्डी, खो-खो जैसे विभिन्न खेल, अम्ब्रेला ड्रिल, को-ऑर्डिनेशन, मार्च पास्ट, एरोबिक्स, योगा डेमोंस्ट्रेशन, हूप डेमोंस्ट्रेशन, बाल एरोबिक्स, लेज़यिम डेमोन्सट्रेशन, सेल्फ डिफेंस, स्पोर्ट्स स्किल डेमो, मास डेमो का शानदार प्रदर्शन किया।

### झलकी अनेकता में एकता

शाम को विद्यालय के मंच पर कल्चरल बोनांजा की प्रस्तुति हुई, जिसमें बच्चों ने विविधता में एकता वाली भारतीय बहुरंगी संस्कृति की झलक दिखाई। कल्चरल बोनांजा में दीप प्रज्वलन, स्वागत गीत के बाद कत्थक, सामूहिक गीत, सुआ नृत्य, भरत नाट्यम, छत्तीसगढ़ के करमा, सुआ नृत्य, ट्राइबल डांस, जर्मन सांग, असमिया गीत पर नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी।

## आवासीय विद्यालयों में व्यवस्थाएं दुरूस्त करने सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

जिले में ट्राइबल और शिक्षा विभाग द्वारा संचालित आवासीय विद्यालयों में व्यवस्था दुरूस्त करने की मांग सर्व आदिवासी समाज ने कलेक्टर सुकमा देवेश कुमार ध्रुव से की है।

विभाग के जिम्मेदार अफसरों की कार्यशैली पर भी समाज ने कड़ी आपत्ति जताई है। उन्होंने कहा कि लगातार बच्चों की मौत के मामले प्रकाश में आने के बाद भी अफसर व्यवस्था सुधारने के प्रति गंभीर नजर नहीं आ रहे हैं और न ही जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई कर रहे हैं। असमय मौतों से आदिवासी बच्चे और पालक प्रभावित हो रहे हैं। बालाटिकरा आवासीय विद्यालय में बच्ची की मौत के मामले में समाज ने डीएमसी, छिंदगढ़ बीआरसी और अधीक्षिका पर जांच कर उचित कार्रवाई की मांग की है। सर्व आदिवासी समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष वेको हुंगा, जिला अध्यक्ष उमेश सुंडाम, महेश कुंजाम समेत अन्य पदाधिकारियों ने कहा कि सुकमा जिला अंतर्गत आदिवासी विकास विभाग व शिक्षा विभाग के आवासीय संस्थाओं में आए दिन कुछ न कुछ अप्रिय घटनाएं हो रही हैं। समाज की मांग है कि जिले के समस्त आवासीय संस्थाओं में निरीक्षण हेतु समिति का गठन किया जाए, जिसमें समाज के प्रतिनिधि को शामिल रहे।

प्रत्येक आवासीय संस्थाओं में एएनएम व नर्स की नियुक्ति किया जाए। बालाटिकरा पोटाकेबिन में मृत छात्रा के परिवार को 5 लाख का मुआवजा दिया जाए।

## विशेषज्ञ समिति ने किया उपजेल का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर



महिला बाल विकास विभाग नया रायपुर एवं कलेक्टर संबित मिश्रा के निर्देशानुसार जिला बीजापुर में उपजेल निरीक्षण हेतु विशेषज्ञ समिति का गठन किया गया है। विशेषज्ञ निरीक्षण समिति द्वारा 20 दिसंबर को उपजेल जिला बीजापुर का निरीक्षण किया गया।

विशेषज्ञ निरीक्षण समिति द्वारा प्रत्येक बैरक में जाकर बंदी का प्रत्यक्ष अवलोकन किया गया। जिसमें निरीक्षण के दौरान उपजेल बीजापुर के बैरक में कुल 192 निरूद्ध बंदियों का अवलोकन किया गया। उप जेल मे निरूद्ध बंदियो से पूछताछ के दौरान 2 निरूद्ध बंदियों का समिति द्वारा चिन्हांकन किया गया। जेल निरीक्षण के दौरान बालमिकी ध्रुव सहायक जेल अधीक्षक एवं विशेषज्ञ समिति के सदस्य राहुल कुमार कौशिक जिला बाल संरक्षण अधिकारी, सुश्री साधना कश्यप सदस्य, कु. आनंदमई मल्लिक विधिक सह परिवीक्षा अधिकारी, नवीन मिश्रा संस्थागत रेखरेख संरक्षण अधिकारी, देवम्मा मेकल महिला आरक्षक संदीप चिड़ेम सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सांसद और विधायक ने चांदामेटा पहुंचकर मृत ग्रामीणों के परिजनों को बंधाया ढाढस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा



शुक्रवार को हुए दरभा क्षेत्र के चांदामेटा मे वाहन दुर्घटना से 6 लोंगो की मौत हुई थी, जंहा सांसद व विधायक विनायक गोयल हाल ही में कोलेंग के चांदामेटा में हुई मेटाडोर दुर्घटना से प्रभावित शोकाकुल परिवारों से मिलने बस्तर सांसद महेश कश्यप और चित्रकोट विधायक विनायक गोयल पहुंचे।

इस दौरान दोनों जनप्रतिनिधियों ने दुर्घटना में प्रभावित परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की और इस कठिन घड़ी में हरसंभव सहायता का भरोसा दिलाया। सांसद और विधायक ने दुर्घटना में जान गंवाने वाले व्यक्तियों को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके परिवारों के प्रति शोक जताया। साथ ही, उन्होंने गंभीर रूप से घायलों के उपचार में किसी भी प्रकार की कमी न होने देने का निर्देश अधिकारियों को दिया।

सांसद महेश कश्यप और विधायक विनायक गोयल ने स्थानीय प्रशासन से समन्वय स्थापित कर प्रभावित परिवारों को शीघ्र सहायता उपलब्ध कराने की बात कही। उन्होंने इस कठिन समय में प्रशासन को पूरी तत्परता से कार्य करने की सलाह दी, ताकि पीड़ति परिवारों को हर संभव मदद मिल सके।

यह भी कहा कि राज्य और केंद्र सरकार की ओर से शोकाकुल परिवारों के लिए हर संभव सहायता उपलब्ध कराई जाएगी और घायलों के इलाज में किसी प्रकार की कमी नहीं होने दी जाएगी।

### प्रचार-प्रसार सामग्री के दर निर्धारण पर 26 को बैठक

**जगदलपुर।** नगरीय निकाय आम निर्वाचन 2024-25 के तहत नगर पालिक निगम, नगर पालिकाओं एवं नगर पंचायतों के आम निर्वाचन के दौरान अभ्यर्थियों द्वारा सभा, रैली एवं प्रचार-प्रसार हेतु विभिन्न सामग्रियों का उपयोग किया जाता है। अभ्यर्थियों के व्यय लेखा का समीक्षा नियमानुसार अधिकृत अभिकर्ताओं द्वारा किया जाना है। अभ्यथियों द्वारा जो व्यय लेखा समय-समय पर नियमानुसार प्रति तीन दिवस के अंतराल में निरीक्षण हेतु प्रस्तुत किया जाएगा। उक्त व्यय लेखा का मिलान निगरानी करने वाले अधिकारी के प्रतिवेदन से किया जाएगा। इसके अतिरिक्त निर्वाचन प्रेक्षक भी निर्वाचन व्यय की समय-समय पर समीक्षा करेंगे तथा अभ्यर्थियों एवं उनके अधिकृत अभिकर्ताओं की उपस्थिति में भी समीक्षा की जाएगी। अतएव विभिन्न सामग्रियों की मूल्य सूची अनुसार व्यय की जानकारी मानक दर में उल्लेखित दर अनुसार एकरूपता होना आवश्यक है। इसलिए मानक दर निर्धारण के संबंध में 26 दिसम्बर को पूर्वान्ह 11 बजे जिला कार्यालय जगदलपुर के आस्था हॉल में बैठक आयोजित किया गया है। उक्त बैठक में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को उपस्थित होने का आग्रह किया गया है।

## केवीके प्रशिक्षण कार्यक्रम में महिलाओं ने सीखी ओएस्टर मशरूम उत्पादन की खेती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम



कृषि विज्ञान केंद्र गीदम, दन्तेवाडा ने आर्या परियोजना के अंतर्गत महिलाओ को स्वरोजगार दिलाने हेतू मशरूम उत्पादन तकनीक पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया इस कार्यक्रम में स्थानीय महिला किसानों ने बड़ी संख्या में भाग लिया।

कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण युवाओं को मशरूम उत्पादन तकनीक से परिचित कराना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में प्रेरित करना था। डॉ. प्रवीण कुमार निषाद वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख ने प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को मशरूम की खेती के विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी गई, जिसमें बीज तैयार करना, उत्पादन तकनीक, रखरखाव और विपणन शामिल थे। कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने बताया कि मशरूम उत्पादन एक लाभदायक और टिकाऊ कृषि उद्यम है, जिसे कम लागत में शुरू किया जा सकता है। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को ओएस्टर मशरूम की खेती पर विशेष ध्यान दिया गया। इसके अलावा, मशरूम की प्रसंस्करण एवं भण्डारण तकनीकों पर भी चर्चा की गई।

कार्यक्रम में प्रशिक्षकों ने अन्य सफल महिला किसानों की कहानियां साझा कीं, जिन्होंने मशरूम उत्पादन के माध्यम से आर्थिक आत्मनिर्भरता प्राप्त की है। प्रतिभागियों ने इन कहानियों से प्रेरणा ली और इसे अपने व्यवसाय के रूप में अपनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों ने इस पहल की सराहना की और कहा कि यह प्रशिक्षण उनके लिए एक नया मार्ग प्रशस्त करेगा। एक प्रतिभागी ने कहा, मैंने पहली बार मशरूम उत्पादन की पूरी प्रक्रिया सीखी है। अब मैं इसे अपने गांव में शुरू करने की योजना बना रही हूं।

## स्वच्छता पखवाड़ा में साफ-सफाई कर दिया स्वस्थ रहने का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा



स्वच्छता पखवाड़ा 16 से 31 दिसंबर अभियान के अंतर्गत कृषि विज्ञानं केंद्र सुकमा में 19 दिसम्बर को एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया, कार्यक्रम में मुरतोण्डा, मिरिवाड़ा, रामपुरम, धुरवारास, जीरमपाल, सोनाकुकानार, गोलागुड़ा, गादीरास, नीलावरम व टेट्राई के किसान भाईयों को स्कूल, शासकीय भवनों जैसे ग्राम पंचायत, आंगनबाड़ी व हैडपंपो के आसपास साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। साथ ही साथ ग्रामीणों को अस्वच्छता से होने वाली समस्या से अवगत कराया एवं अपने आस-पास स्वच्छ रखने कहा। साथ ही सम्रग ग्रामीण विकास कार्यक्रम परियोजना के अंतर्गत आरोह फाउंडेशन से हेमकांत जोशी व शिव शंकर डनसेना ने भी भाग लिया, जिले के उप संचालक कृषि पीआर बघेल ने अपने उद्बोधन में स्वच्छता के महत्त्व पर प्रकाश डालते हुए किसानों को कृषि विभाग की नई योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया। केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक और प्रमुख एचएस तोमर ने केंद्र की भूमिका और रबी फसलों के बारे में विस्तार से जानकारी दी ।




## कार्यालय को स्वच्छ रखने के दिए निर्देश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

संभाग स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक में आयुक्त ने प्रत्येक माह के तीसरे शनिवार को सभी संभाग स्तरीय, जिला स्तरीय और विकासखंड स्तरीय सभी शासकीय कार्यालय में स्वच्छता अभियान चलाकर कार्यालय को स्वच्छ बनाने के निर्देश दिए गए।

इसी आदेश के अंतर्गत संभागीय संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं डॉ. केके नाग द्वारा जारी सभी जिलों के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि प्रत्येक माह के तृतीय शनिवार को जिला स्तरिय और ब्लॉक स्तरीय कार्यालय में साफ सफाई की जावे एवं इसके फोटोग्राफ्स संभागीय ग्रुप में शेयर किया जाए। संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं के आदेश के परिपालन में शनिवार को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में एसओ एसआर बघेल के नेतृत्व में मुख्य लिपिक कोर्राम, स्थापना लिपिक ललित बघेल, प्रदीप सिंह, सत्या कश्यप, शंकर लाल नाग, अशोक एवं प्रभारी जिला प्रसार एवं प्रचार अधिकारी शकील खान द्वारा कार्यालय में साफ सफाई की गई।

## शिविर में साइबर फ्रॉड से बचने की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शासकीय कन्या पॉलिटेक्निक की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा चलाए जा रहे सात दिवसीय शिविर का आज समापन किया गया। समापन समारोह में प्रथम सेशन मेडिटेशन का था आज वर्ल्ड मेडिटेशन डे के अवसर पर शिविर की छात्राओं ने विशेषज्ञ संजय मिश्रा के मार्गदर्शन में मेडिटेशन की बारीकियां सीखी, द्वितीय सत्र में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के ब्रांच मैनेजर ऋषि कुमार वैष्णव तथा पराग कुमार के द्वारा डिजिटल साक्षरता, साइबर क्राइम, यूनो बैंकिंग आदि विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई एवं साइबर अपराधों फ्रॉड से बचने की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम के तृतीय सत्र में समापन समारोह का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि प्राचार्य शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय डॉक्टर जी पी खरे रहे, अध्यक्षता संस्था प्राचार्य एसके त्रिवेदी के द्वारा की गई। विशिष्ट अतिथियों में सरपंच सोनशिरा गौतम, उपसरपंच विष्णु प्रसाद पाणिग्रही थे, व्याख्याता डॉक्टर नमिता आगरकर एवं रोजगार सहायक हेमनाथ नाग उपस्थित थे। अतिथियों ने छात्राओं के कार्यों को सराहा एवं मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ-साथ नशा मुक्ति पर आधारित नुक्कड़ नाटक भी प्रस्तुत किया गया। शिविर में सभी छात्र, छात्राएं एवं ग्रामीणों ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग दिया।



## खबर संक्षेप

### राज्य स्तरीय डीजे डांस प्रतियोगिता पांच को

**कांकेर।** विकासखण्ड कांकेर के ग्राम सिंगारभाट डूमरपारा में नववर्ष एवं मड़ई-मेला के अवसर पर राज्य स्तरीय डीजे डांस प्रतियोगिता 5 जनवरी 2025 को आयोजित किया जाएगा। इच्छूक प्रतिभागी प्रतियोगिता में भाग ले सकते है। कार्यक्रम के आयोजक जय मां शीतला डीजे डांस युवा समिति डूमरपारा सिंगारभाट के सदस्यो ने बताया कि सामुहिक डांस में प्रथम पुरूस्कार 14 हजार रूपएं, द्वितिय 8 हजार रूपएं व तृतिय पुरूस्कार 5 हजार रूपएं, युगल डांस में प्रथम पुरूस्कार 7 हजार रूपएं, द्वितिय पुरूस्कार 3 हजार 500 रूपएं, तृतीय पुरूस्कार 2 हजार रूपएं और एकल डांस में प्रथम पुरूस्कार 4 हजार रूपएं, द्वितिय पुरूस्कार 2 हजार 500 रूपएं और तृतीय पुरूस्कार 1 हजार 500 रूपएं रखा गया है।

### आवक बढ़ने से सस्ती हुई सब्जियां

**जगदलपुर।** साप्ताहिक बाजार में रविवार को सब्जियों की आवक अधिक होने से सब्जियां सस्ती हुई। इस रविवार को शहरीय एवं ग्रामीण क्षेत्र खरीददार बाजार में पहुंचे। प्राप्त जानकारी के अनुसार बाजार में इस रविवार को मौसमी सब्जियों की आवक अधिक होने से सब्जियों की दरें कम हुई पर ठंड बढ़ने से बाजार को कारोबार ठंडा रहा। सब्जियां बिक्री होने के चलते संजय मार्केट में सब्जी खरीददार कम दिखे। हालांकि वर्तमान में शहर के बाजार में स्थानीय सब्जियों की आवक अधिक हो रही है। लोकल मटर 100 रूपए किलो ठंड के मौसम में आने वाला लोकल मटर बाजार में 100 रूपए पर रायपुर का मटर 80 रूपए किलो में बिक रहा है। बाजार में रविवार को टमाटर 25, भट्टा 20, बरबटी 40, करेला 40, आलू 40, प्याज 50-60, अदरक 180, लहसून 350, फूलगोभी 30, पत्तागोभी 40, शिमला मिर्च 60, हरी मिर्च 50, भिंडी 20 रुपए किलो और लालभाजी, पालकभाजी एवं मैथी भाजी 20 रूपए में 12 जूड़ी बिक रहा है।

### कबड्डी स्पर्धा का फायनल आज

**जगदलपुर।** स्टेट पॉवर कंपनी लिमिटेड की ओर से शहर में अंतरक्षेत्रीय कबड्डी प्रतियोगिता में दूसरे दिन रविवार को कोरबा पूर्व से राजनांदगांव, दुर्ग से बिलासपुर, कोरबा पश्चिम से रायपुर सेंट्रल, कोरबा पूर्व से कोरबा पश्चिम, कोरबा पश्चिम से राजनांदगांव, रायपुर सेंट्रल से मढ़वा, रायपुर क्षेत्र से जगदलपुर, मढ़वा से राजनांदगांव, जगदलपुर से बिलासपुर की टीम ने अपना दमखम दिखाया। इसमें जगदलपुर, कोरबा पूर्व, बिलासपुर, कोरबा पश्चिम, रायपुर सेंट्रल एवं मढ़वा की टीम विजेता रही। प्रतियोगिता में टीमों को विद्युत कंपनी जगदलपुर क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक एसके ठाकुर स्थल में पहुंचकर विद्युत कंपनी टीमों के खिलाड़ियों से मिले और उत्साह वर्धन किया। प्रतियोगिता का समापन सोमवार को किया जाएगा और विजयी टीम को पुरस्कृत किया जाएगा।

### मेकॉज में भर्ती मरीजों का हालचाल जाना

**जगदलपुर।** शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य ने मेडिकल कालेज डिमरापाल हॉस्पिटल पहुंचकर चांदामेटा में वाहन दुर्घटना में घायल मरीजो का हाल जाना। साथ ही घायल मरीजों के बेहतर उपचार के लिए डॉक्टर से चर्चा की।

**विकास : पुलिया के बनने से एक दर्जन गाँव के लोगों को लाभ मिलना तय**

# निर्माणाधीन रावली नाला पुलिया का विधायक सावित्री ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्गुकोंदल



लोहत्तर प्रवास के दौरान परभेली एवं सोनादाई के बीच में पड़ने वाली रावली नाला 1 करोड़ 50 लाख रुपएं की लागत राशि से बन रहे बहुप्रतीक्षित निर्माणाधीन पुलिया का निरीक्षण विधायक सावित्रि मनोज मंडावी ने किया। निरक्षण के दौरान उपस्थित इंजीनियर व एसडीओ को निर्देशित किया।

- वर्षाकाल में चार माह तक टीपू बनने से मिलेगी राहत,
- 1.50 करोड़ की लागत से बन रहे पुलिया से दर्जनों गांव के लोगों को राहत मिलेगी

विधायक सावित्री मनोज मंडावी ने कहा की रावली नाला में पुलिया बनना क्षेत्र के लोगों का एक सपना था और आज वह सपना साकार होने जा रहा है तो निश्चित रूप से उसकी गुणवत्ता में कोई कमी नही आनी चाहिए। इस बात का विशेष ध्यान रखेंगे व समय-समय पर इसका अवलोकन भी करेंगे। ग्राम परभेली एवं सोनादई के मध्य स्थित रावली नाला पर वर्षाकाल के दिनों में लगभग चार माह तक पानी का तेज बहाव होता है, जिसके कारण गांव का संपर्क टूट जाता है। इस पर पुल बनाने की माँग लंबे समय से किया जा रहा था। वहीं विधायक ने इस मामले को मानसून सत्र में उठाकर सरकार के संज्ञान में लाया और इस पुलिया की स्वीकृति मिल गई है। इस पुलिया के बनने से एक दर्जन गाँव के लोगों को लाभ मिलना तय है। विधायक ने कहा कि ग्रामीणों की माँग मिलने पर मानसून सत्र में मुद्दा लाकर सरकार व प्रशासन के संज्ञान में लाया था और उसी का परिणाम रहा कि पुल बनाने के लिए डेढ़ करोड़ की स्वीकृति मिल गई है। पुल बन जाने से एक दर्जन गाँव के लोगों को राहत मिलेगी। क्षेत्र के विधायक की सतत प्रयास से और क्षेत्रवासियों की बहु प्रतीक्षित मांग को लेकर लगातार प्रयास करने पर रावलीनाल में पुल बनाने की क्षेत्र वासियों को मांग पूरी हो गई, जिसे जिला निर्माण समिति काकेर के द्वारा डेढ़ करोड़ रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है।

### जोखिम से मिलेगी निजात

परभेली एवं सोनादई क्षेत्र के लगभग 10 से 12 गांव के रहवासी अपने आवश्यकताओं का सामान लेने के लिए राऊलीनाला को जान जोखिम में डालकर बेखौफ होकर नाला को पार करते हैं, यदि किसी ग्रामीण की रात में अचानक स्वास्थ्य खराब हो जाए तो बड़ी मुश्किल में नाला पारकर उसे अस्पताल या डॉक्टर तक लेकर जाते हैं। पुलिया नहीं होने से ग्रामीण अपनी मूलभूत सुविधाओं से वंचित रहते है, वही जान जोखिम में डालकर नाला पारकर स्कूल जाने मजबूर बच्चे जाड़ेकुर्सी, परभेंली एवं आसपास के गांव के स्कूली बच्चे पढ़ने के लिए लोहतर एवं उच्च शिक्षा अध्ययन के लिए महाविद्यालय दुर्गुकोंदल एवं पीजी कॉलेज भानुप्रतापपुर जाने के लिए राऊलीनाला को पार करना पड़ता है। तेज बहाव के कारण नाले पर पुलिया के अभाव में स्कूल व कॉलेज पढ़ने वाले बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होती है। नाला के दोनों छोर में पक्की सड़क बनाने के बावजूद नाला में पुल का निर्माण नहीं हुआ है। पानी का बहाव अधिक होने पर आम जनों को कोड़ेकुर्सी मार्ग होते हुए दुर्गुकोदल से भानुप्रतापपुर जाने में लगभग 60 किमी. की दूरी तय करना पड़ता है इसके कारण आने-जाने में परेशानी होती है। इसी स्थिति को देखते हुए वर्षों की बहु प्रतीक्षित मांग राऊलीनाला में पुल बनाने की क्षेत्र वासियों की मांग थी जिसे विधायक ने मानसून सत्र में विधानसभा में इस मुद्दे को उठाया था, जिसे शासन के द्वारा जिला निर्माण समिति कांकेर के द्वारा डेढ़ करोड़ रुपए की स्वीकृति दी गई। अवलोकन के दौरान अमीता उईके, मुकेश्वरी नरेटी, ढालसिंह पात्रे, आनंद तेता, राजू संघोरिया, शांतिलाल जाड़े, भीखम देहारी, अजीत नायक, रम्भू समरथ, बिदेसिंग देहारी, मन्नूराम दीवान, राधे टोप्पा, नरेश पोटाई व अन्य ग्रामीण उपस्थित रहें।

## अय्यप्पा मंदिर में भक्तों ने ग्रहण किया महाप्रसाद



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

शहर के वृंदावन कॉलोनी के निकट स्थित भगवान श्री अय्यप्पा मंदिर में चल रहे 41 दिवसीय मण्डल व्रत पूजा विधान के तहत रविवार को भव्य नारायण सेवा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने महाप्रसाद ग्रहण किया। बताया जा रहा है कि प्रतिवर्ष भगवान श्री अय्यपा मंदिर में 41 दिवसीय मण्डलव्रत पूजा का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष विगत 16 नवम्बर से मण्डलव्रत पूजा प्रारंभ हुई थी, इस पूजा विधान का समापन आगामी 26 दिसम्बर को होगा। इस दौरान अय्यप्पा मंदिर में प्रतिदिन विधिवत पूजा-अर्चना की जा रही है। मण्डल व्रत पूजा में नारायण सेवा, अन्नदानम या महाभण्डारे का विशेष महत्व होता है। भगवान अय्यप्पा को अन्नदान प्रभु भी कहा जाता है, इस लिए हर वर्ष इस आयोजन को भव्य रूप प्रदान किया जाता है। इस वर्ष भी व्यापक रूप से व्यवस्था की गयी थी, जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालुगण शामिल हुए। मंदिर में प्रति दिन यहां शाम को दीपाराधना सहित भजन-कीर्तन का आयोजन किया जा रहा है, इसके पश्चात प्रसाद का वितरण किया जा रहा है।

### अन्नदानम का महत्व

भगवान श्री अय्यप्पा को अन्नदानप्रभु इसलिए कहा जाता है, क्योंकि उन्हें अन्न का दान करना सबसे प्रिय है, हिंदू मान्यता के अनुसार भी यह महत्वपूर्ण है, क्योंकि अन्नदान हमारे पिछले कर्मों को जलाने में मदद करता है।

## वृद्धजनों व दिव्यांग बच्चों को कंबल मिला



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बस्तर जिला कांग्रेस शहर जिला महामंत्री निकेत राज झा के नेतृत्व मे कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकतार्ओं द्वारा शहर में बढ़ती ठंड के मद्देनजर रेडक्रॉस आस्था निकुंज धरमपुरा आश्रम के वृद्धजनों व आशा दिव्यांग आश्रम में दिव्यांग बच्चों को कंबल का वितरण किया गया।

## फूड प्रोसेसिंग एंड प्रिजर्वेशन पर कार्यशाला का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

शासकीय इन्दू केंवट कन्या महाविद्यालय में फूड प्रोसेसिंग एंड प्रिजर्वेशन बाई फ्रूट्स एंड वेजिटेबल्स पर चार दिवसीय कार्यशाला का आयोजन प्राचार्य प्रो जेके बारले के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में आईक्यूएसी एवं गृह विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वाधान में छात्राओं के लिए इंट्राप्रेन्योरशिप, स्टार्टअप कौशल विकास एवं स्वरोजगार की संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए कार्यशाला का आयोजन किया गया। आयोजित प्रशिक्षण में महाविद्यालय की छात्राओं को जैम, जैली, मुरब्बा, आचार, इमली चटनी, मटर बॉटलिंग, सीताफल से बने आइटम्स, सीताफल आइसक्रीम, आंवला जूस, टोमैटो सॉस, टूटी- फ्रूटी, स्क्वैश, शर्बत, कैंडी मिठाई तथा रखिया पेठा बनाने का लाइव डेमोस्ट्रेशन कर प्रशिक्षण प्रदान किया गया।



कैसे खाद्य पदार्थों को बनाकर प्रिजर्वेटिव के माध्यम से लंबे समय तक सुरक्षित रखा जा सकता है तथा अंचल में बाजार तक इन खाद्य पदार्थों को बनाकर कैसे मार्केट में बेचा जा सकता है। स्टार्टअप प्रारंभ करने एवं लोकल यूनिक उत्पादों का कैसे प्रसंस्करण कर आर्थिक रूप से सशक्त हो सकते है यह बताया गया। यह प्रशिक्षण छत्तीसगढ़ शासन संचालनालय उद्यानिकी एवं प्रक्षेत्र वानिकी फल प्रशिक्षण केंद्र रायपुर वीएन प्रेमानंद, वाईसी ठाकुर, जीवन कुमार निषाद द्वारा दिया गया। इसके अतिरिक्त खाद्य प्रसंस्करण प्रशिक्षण केंद्र चारामा से नगीना नेताम तथा डॉ फूल सिंह मरकाम प्रोफेसर शासकीय कृषि महाविद्यालय कांकेर आदि ने प्रशिक्षण दिया। कार्यशाला का आयोजन महाविद्यालय के आईक्यूएसी प्रभारी एवं कार्यशाला के संयोजक मनोज कुमार एवं गृह विज्ञान विभागाध्यक्ष और कन्वेनर डॉ तरन्नुम द्वारा संचालित किया गया। उक्त कार्यशाला में प्रो बी समुंद, प्रो सुनील कुमार साहू, योगराज साहू, आरती मरकाम, रश्मि नाग, रीना जामुनकर, महेंद्र रजक, डॉ माहेनूर, दीप्ति सोनी, डॉ नसरीन, किशोर कुर्रे, गुणवान जांगड़े एवं अन्य स्टॉफ उपस्थित रहे।

## प्रदेश स्तरीय फुटबॉल स्पर्धा में नगरनार की टीम ने मारी बाजी



हरिभूमि न्यूज ⏭ सरोना

ग्राम पंचायत सरोना में चार दिवसीय प्रदेश स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से कुल 16 टीमों ने भाग लिया। फाइनल मैच में एफसीआई नगरनार और एफसीआई नगरी के बीच रोमांचक मुकाबला हुआ, जिसमें नगरनार टीम ने बाजी मारते हुए जीत हासिल किया। प्रतियोगिता के विजेता टीम नगरनार को 25 हजार रूपएं की नगद राशि और ट्रॉफी प्रदान की गई एवं उपविजेता नगरी टीम को भी 15 हजार रूपएं की नगद राशि और ट्रॉफी दी गई। मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य तारा ठाकुर ने विजेता टीमों और व्यक्तिगत खिलाड़ियों को पुरस्कार और प्रमाण पत्र प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। खेलकूद में युवाओं का बढ़ता रुझान और उत्कृष्ट प्रदर्शन हमारे समाज के लिए गर्व की बात है। खेल न केवल शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देता है बल्कि युवाओं में नेतृत्व और टीम भावना का विकास भी करता है। कार्यक्रम के दौरान आयोजन समिति के संरक्षक यशवंत सुरोजिया और विशेष अतिथि के रूप में जनपद उपाध्यक्ष संजू गोपाल साहू, सरपंच सूरज कोराम, ग्राम समिति अध्यक्ष अजय हिरवानी, ग्राम पटेल मोहन नेताम, पूर्व जिला पंचायत सदस्य हिरा मरकाम और पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष जीवन नेताम सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहें।

## नगर में ग्रामीण अंचल में बेखौफ सट्टे का खेल जारी, पुलिस की चुनौती

**भानुप्रतापपुर।** नगर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में सट्टा खिलाने वाले कुछ ज्यादा ही सक्रिय नजर आ रहे है। इसमें शामिल ऐसे शातिर लोगो को पकड़ने में पुलिस विभाग के खुफिया तंत्र की नाकामी या कोई और बड़ी वजह जिससे इस पर रोक नहीं लग पा रही है। उक्त बातें भाजपा व आप के नेताओं ने संयुक्त रूप से कहा है। भाजपा मंडल अध्यक्ष नरोत्तम चौहान, आम आदमी पार्टी के नेता हरेश चक्रधारी व मेहर सिंह वट्टी ने कहा कि क्षेत्र के जनसंपर्क दौरे में लगातार अवैध ढंग से संचालित हो रहे सट्टा को लेकर काफी शिकयत मिल रही है।

- भाजपा और आप नेताओं ने लगाया आरोप
- खाईवाल पर पुलिस नहीं कर रही कार्रवाई,

भानुप्रतापपुर ब्लाक के ग्रामीण क्षेत्रों सहित नगर के अंदर तेजी से सट्टा के मामलों में पुलिस कार्यवाही पर प्रश्नचिन्ह लगा दिया है। उन्होने कहा ऐसा नहीं है कि पुलिस कार्यवाही नही कर रही या शांत बैठी है। पुलिस भी यदाकदा एक दो मामले पकड़कर सामने लाते रहे है, लेकिन इस व्यापार को नगर से बाहर ग्रामीण क्षेत्रो में फैलाने वाले शातिर लोगो तक पहुंच नही पा रहे है और ऐसा क्यों यह एक पहेली बना हुआ है। हाल के कुछ समय से अवैध कारोबार में तेजी की अंदरूनी खबरें मिल रही है, जिसमें सट्टा, गांजा, अवैध दारू निकासी कर अधिक राशि मे बेचने का कारोबार लंबे समय से फल फूल रहा है और जो अंदरखाने खबर आ रहा है, वो भी काफी चौकाने वाला है।

भाजपा और आप के नेताओं का कहना है कि नगर के अंदर व ग्रामीण क्षेत्रों में भी कुछ युवा इस काम को तेजी से आगे बढ़ा रहे है और कुछ पैसों के फायदे में अपना जीवन बर्बाद कर रहे है। नगर के अंदर ऐसे तीन चार युवको द्वारा यह धंधा को तेजी से फैला रहे है। पुलिस ऐसे मामलों में अक्सर छोटे लोगों तक पहुंच पा रही है और बड़े शिकारी लगातार पुलिस से बचे हुए है। वर्तमान में इन युवकों द्वारा अंतागढ़ और दल्ली राजहरा के खाईवाल को अपना सट्टा व पट्टी खपा रहे हैं, जो नगर के साथ साथ गांवों की फिजा को खराब कर रहे है।

## नशा मुक्ति जागरूकता के लिए नुक्कड़ नाटक में दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ चारामा

गड़पिछवाड़ी राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन और चैतन्या संस्था के संयुक्त प्रयास से ग्राम गड़पिछवाड़ी में नई चेतना 3.0 जेंडर समानता अभियान के अंतर्गत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संगवारी जेंडर रिसोर्स सेंटर का उद्घाटन भी किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं में लैंगिक समानता को बढ़ावा देना और समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाना था।

कार्यशाला में बिहान से जुड़ी सभी महिला ग्राम संगठनों ने सक्रिय सहभागिता दी। कार्यशाला के दौरान नशा मुक्ति पर जागरूकता फैलाने के लिए नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया, जिसे ग्रामीणों ने काफी सराहा। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग की संरक्षण अधिकारी तुलसी मानिकपुरी, चाइल्डलाइन से अमित बघेल, विधिक प्राधिकरण की वर्षा पोया, नशा मुक्ति अभियान से माधुरी जैन और सहभागी संस्था की लक्ष्मी संहारे ने अपने-अपने विषयों पर जानकारी साझा किया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने उपस्थित होकर लैंगिक समानता, नशा मुक्ति और अन्य सामाजिक मुद्दों पर जागरूकता प्राप्त की। सभी अतिथियों और सहभागियों ने लैंगिक भेदभाव को समाप्त करने और समाज में समानता स्थापित करने का संकल्प लिया। यह कार्यशाला महिलाओं के सशक्तिकरण और सामाजिक परिवर्तन की दिशा में एक प्रेरणादायक कदम साबित हुई।



सखी सेंटर की प्रियंका साहू, सरपंच गोविंद दरों, एसबीआई के गौरी शंकर राणा, उर्वशी यादव, गणिका साहू, बीमा गोडरा, नीलम गोस्वामी, ममता प्रसाद, रवि साहू, प्रेम साहू, सुधा पटेल, सोहद्रा वट्टी, जानकी मेश्राम, यशोदा यादव, भगवती कटिंगल व अन्य महिला उपस्थित रहें।

## स्वास्थ्य परीक्षण व रक्तदान शिविर का किया आयोजन



**दुर्गुकोंदल।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दुर्गुकोंदल एवं कंगलू कुम्हार शासकीय महाविद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में स्वास्थ्य परीक्षण एवं रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस, यूथ रेडक्रॉस सोसायटी तथा महाविद्यालय एवं अस्पताल स्टाफ के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। आयोजित शिविर के दौरान सभी प्रतिभागियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा कई लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान कर मानवता की सेवा में योगदान दिया। बीएमओ डॉ. मनोज ने रक्तदान के महत्व को रेखांकित करते हुए बताया कि रक्तदान न केवल दूसरों के जीवन को बचाने में सहायक होता है, बल्कि यह स्वयं रक्तदाता के स्वास्थ्य के लिए भी लाभकारी है। उन्होंने उपस्थित लोगों को नियमित रूप से रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया। शिविर में डॉक्टरों एवं पैरामेडिकल स्टाफ ने विभिन्न स्वास्थ्य परीक्षण किए तथा आवश्यक परामर्श प्रदान किया। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य, अस्पताल स्टाफ, महाविद्यालय स्टाफ, स्वयंसेवी, छात्र-छात्राएं एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।







